Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to expedite railway works in Darbhanga, Madhubani and Samastipur of Bihar.

श्री कीर्ति आजाद (दरभंगा): माननीय अध्यक्ष महोदया, मिथिलांचल के लोहना रोड - मुक्तापुर रेल खंड पर 87 किलोमीटर लम्बी नयी रेल लाइन परियोजना के लिए आरईटी सर्वे का कार्य रेलवे के निर्माण विभाग ने पूरा कर लिया है ।...(व्यवधान) योजना पर व्यय होने वाली राशि का प्राक्कलन भी अभियंताओं ने कर लिया है ।...(व्यवधान) नयी रेल लाइन मिथिलांचल के अति पिछड़े इलाके से गुजरेगी। इस परियोजना के पूरा होने से दरभंगा-मधुबनी के अलावा समस्तीपुर जिले के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा ।...(व्यवधान)

इससे इस क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे । ...(व्यवधान) विगत वर्ष रेलवे के अभियंत्रण ने दो सर्वे का काम पूरा किया था । ...(व्यवधान) सर्वे में 87 किलोमीटर लंबे रेल खंड में 11 रेलवे स्टेशंस बनाने का निर्णय लिया गया है । ...(व्यवधान) इसमें खतवार, कुरसों, पाली, अलीनगर रोड, खरारी, सहसराम, बहेड़ी, तुर्मानी रोड, बिरौल आदि शामिल हैं । ...(व्यवधान) इस रेल खंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के कई गांव हैं। ...(व्यवधान) यह मिथिलांचल का सब से पिछड़ा भूभाग है ।

माननीय अध्यक्ष : अब आप समाप्त कीजिए । आपका समय पूरा हो गया है।

...(व्यवधान)

श्री कीर्ति आजाद : महोदया, वर्षों तक यह अभाव प्रभावित क्षेत्र रहा है। ...(व्यवधान) इन इलाकों के लोगों के लिए यातायात के कोई उचित साधन नहीं हैं । ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री कीर्ति आजाद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।